**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या-169/07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025/11-परीक्षा/2024**

लखनऊ : दिनांक : 16 अक्टूबर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-11-परीक्षा/2024, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/11 के अंतर्गत परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के 4892 पद (सामान्य चयन) व 380 पद (विशेष चयन) सहित कुल रिक्त 5272 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2023 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइस्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, उपलब्धता की सीमा तक 40518 महिला अभ्यर्थियों की सूची/परिणाम को मा० आयोग के निर्णय दिनांक 23.09.2025 द्वारा मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु अनुमोदित किया गया था।

सूच्य है कि उक्त 40518 अभ्यर्थियों के अतिरिक्त 43 अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करते समय जेन्डर के कॉलम में पुरुष (Male) की सूचना अंकित की गयी थी, जबकि विज्ञापन की सारिणी-2 में अंकित विवरण के अनुसार प्रश्नगत विज्ञापन में विज्ञापित सभी पद केवल महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

अतः उक्त 43 अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में मा० आयोग द्वारा निर्णय लिया गया था कि ऐसी महिला अभ्यर्थी जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय जेन्डर के कॉलम में महिला (Female) के स्थान पर त्रुटिवश पुरुष (Male) अंकित कर दिया गया है, वह दिनांक 04.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं के महिला होने के सम्बन्ध में शपथपत्र के साथ अपने दावे की पुष्टि सम्बन्धी अभिलेखीय साक्ष्य / प्रमाण पत्र, चिकित्सीय प्रमाणपत्र, फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं आधारकार्ड सहित आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि उनके दावे के परीक्षणोपरांत उनके अभ्यर्थन के सम्बन्ध में निर्णय लिया जा सके। उक्त तिथि को उपस्थित न होने वाले अथवा महिला होने सम्बन्धी शपथपत्र व अभिलेखीय साक्ष्य / प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा व उन्हें मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उक्त अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि के अतिरिक्त कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा के आयोजन की सूचना पृथक से आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि उक्त परिणाम एवं सूचनाएं आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 23.09.2025 द्वारा अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी।

उक्त आवश्यक सूचना दिनांक 23.09.2025 के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करते समय जेंडर के कॉलम में महिला (FEMALE) के स्थान पर पुरुष (MALE) अंकित करने वाले 43 अभ्यर्थियों में से मा० आयोग द्वारा सुनवाई में अनुपस्थित 30 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त किए जाने तथा सुनवाई हेतु उपस्थित 13 अभ्यर्थियों (पंजीकरण संख्या-56500008848, 56500198469, 56500263019, 56500401619, 56500424408, 56500430436, 56500444776, 56500466617, 56500486347, 56500508302, 56500520164, 56500529925 एवं 56500564973) को प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत आयोजित की जानी वाली मुख्य परीक्षा में महिला श्रेणी के अंतर्गत औपबंधिक रूप से प्रतिभाग करने हेतु अनुमति प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया।

16/10/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।